This question paper contains 8+4 printed pages]

*Your Roll No.* ........................

**3451**

**LL.B./II Term** **B**

Paper—LB—201 : LAW OF EVIDENCE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Are the following relevant ? State the provisions of Law.

(*a*) X is being prosecuted for disturbing peace and tranquility in Delhi on 15th of April 2012. X produces his visa showing his presence at Singapore on that day.

(*b*) In case of prosecution of A, for murder of B, evidence of two by-standers is produced, who heard A immediately after beating B to death saying "I feel satisfied now."

(*c*) In case of attempted rape, statement of victim, a day after the rape to her mother is produced as evidence.

(*d*) In a clash between two groups of people belonging to different castes in a village, a police party visits. The absence of X and Y belonging to one group on the date of police visit is produced as evidence.

क्या निम्नलिखित सुसंगत हैं ? विधि के प्रावधानों का उल्लेख कीजिये :

(*a*) X को 15 अप्रैल 2012 को दिल्ली में शान्ति एवं लोक प्रशान्ति भंग करने के लिए अभियोजित किया गया। 'X' उस दिन अपनी उपस्थिति सिंगापुर में दर्शित करने के लिए अपना बीजा प्रस्तुत करता है।

(*b*) 'B' की हत्या के लिए 'A' के अभियोजन में घटना स्थल पर खड़े दो व्यक्तियों के साक्ष्य को प्रस्तुत किया गया जिन्होंने 'A' द्वारा 'B' की पीटकर मृत्यु कारित करने के तुरन्त बाद यह कहते हुए सुना था "अब मैं सन्तुष्ट महसूस कर रहा हूँ ।"

(*c*) बलात्संग के प्रयास के मामले में घटना के एक दिन पश्चात् पीड़िता का अपनी माँ को दिया गया कथन साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया।

(*d*) एक गाँव के विभिन्न जातियों के दो समूहों में टकराव के पश्चात् वहाँ पुलिस आती है। पुलिस निरीक्षण के दिन एक समूह के 'X' तथा 'Y' की अनुपस्थिति को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया।

2. A group of extremists intended to abduct a minister so that their demands are met. For this purpose X wrote a letter to B indicating the whole plan and his help which is necessary. X also used his mobile phone for sending a message to C seeking financial support. Police came to know about it and arrested B. who agreed to the whole plan.

In a case of attempt to abduct the minister. prosecution produces :

(*a*) Statement of B,

(*b*) Letter of X to B and

(*c*) Message of X to C as evidence to prove conspiracy.

Discuss the relevancy of all the three and give reasons to support your answer.

एक उग्रवादी समूह के लोग मंत्री का व्यपहरण करना चाहते थे ताकि वे अपनी माँग मनवा सकें। इस उद्देश्य से 'X' ने 'B' को एक पत्र के द्वारा पूरी योजना बतायी तथा आवश्यक सहयोग करने को कहा। 'X' ने अपना मोबाइल फोन प्रयोग कर 'C' को संदेश भेजकर आर्थिक सहयोग देने को कहा। पुलिस ने उक्त तथ्य ज्ञात होने पर 'B' को जिसने पूरी योजना की स्वीकृति की, गिरफ्तार कर लिया।

मंत्री के व्यपहरण के प्रयास के मामले में अभियोजन में षड्यंत्र साबित करने के लिए निम्न साक्ष्य प्रस्तुत किया :

(*a*) 'B' का कथन

(*b*) 'X' का 'B' को लिखित पत्र

(*c*) 'X' का 'C' को मोबाइल संदेश।

उपर्युक्त तीनों साक्ष्यों की सुसंगतता की विवचेना कीजिए तथा अपने उत्तर के समर्थन में उचित तर्क दीजिए।

3. (*a*) Discuss the reasons for admissibility of admissions. Also state the parties whose admissions are relevant.

(b) In a charge of murder, Mr. A while in police custody made a statement as follows :

"Yes I killed B with sword and have thrown the sword in a tank near the school."

Police working on this statement recovered the sword from the said place. Which part of this statement is relevant as confessional one and why ? Give case law in support of your answer.

(a) स्वीकृति की ग्राह्यता के कारणों की विवेचना कीजिए। उन पक्षकारों का भी उल्लेख कीजिए जिनकी स्वीकृति सुसंगत हैं।

(b) हत्या के अभियोजन में मि. 'A' ने पुलिस अभिरक्षा के दौरान निम्न कथन किया :

"हाँ, मैने 'B' को तलवार से मारा और तलवार को स्कूल के निकट एक तालाब में फेंक दिया है"

पुलिस ने उक्त कथन पर कार्य करते हुए उक्त तलवार को कथित स्थान से बरामद कर लिया। उक्त कथन का कौनसा भाग इकबाल के रूप में सुसंगत है और क्यों ? अपने उत्तर के समर्थन में वाद-विधि का उल्लेख कीजिये।

4. (*a*) "Can a person be convicted on the sole testimony of dying declaration ?" Elaborate.

(*b*) X, a whistle-blower wrote a letter to his superior officer indicating that he feels danger to his life at the hands of oil mafia on 1-2-2012. On 8-2-2012 X was found wounded near a petrol station, while taking to hospital he mentioned names of A, B and C known mafia oil dealers. In a case of prosecution against A, B and C for murder is the letter of X relevant under Section 32 (1) of Indian Evidence Act ?

(*a*) "क्या एक व्यक्ति केवल मृत्युकालिक कथन के साक्ष्य पर दण्डित किया जा सकता है ?" व्याख्या कीजिए।

(*b*) 'X', एक व्हिसिल-ब्लोवर, ने अपने वरिष्ठ अधिकारी को 1-2-2012 को पत्र लिखकर दर्शित करता है कि उसे तेल माफियाओं से उसके जीवन को खतरा है। 8-2-2012 को 'X' पेट्रोल स्टेशन के पास घायल पाया गया। जब

उसे हस्पताल लाया गया, तो उसने प्रसिद्ध तेल माफिया डीलर 'A', 'B' तथा 'C' का उल्लेख किया। क्या 'A', 'B' तथा 'C' के हत्या के अभियोजन में 'X' का उक्त पत्र भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा–32(1) के अधीन सुसंगत है ?

5. (*a*) A and B were married in Feb. 2010. Divorce took place in July 2010. B (Lady) remarried in August 2010 with C. B gave birth to a baby in the month of Jan. 2011. Can C deny the paternity of new born baby ? State the relevant law on this issue and advise C accordingly.

(*b*) X and Y were posted in North-East when X, (the husband) provided to Y an amount of 20 lakhs during one year over and above his salary. The secret was communicated to Y by X. Unfortunately divorce took place after 15 years of marriage and Y married Z. In disproportionate assets case can Y be produced as evidence against X. Give reasons.

(*a*) 'A' तथा 'B' फरवरी 2010 में विवाहित हुए। जुलाई 2010 में उनका तलाक हो गया। 'B' (महिला) ने अगस्त 2010 में 'C' के साथ पुनर्विवाह किया। 'B' ने जनवरी 2011 में एक बच्चे को जन्म दिया। क्या 'C' नवजात बच्चे की पैतृकता को अस्वीकार कर सकता है ? इस मामले में सुसंगत विधिक प्रावधानों का उल्लेख कीजिए और तद्नुरूप 'C' को सलाह दीजिए।

(*b*) 'X' और 'Y' उत्तर-पूर्व में कार्यरत थे। पति 'X' ने अपनी पत्नी 'Y' को एक वर्ष के दौरान 20 लाख रुपये दिये जो उसके वेतन से काफी अधिक थे। 'X' ने 'Y' को उक्त रहस्य को बताया। दुर्भाग्यवश विवाह के 15 वर्ष पश्चात् उनका विवाह-विच्छेद हो गया और 'Y' ने 'Z' से विवाह कर लिया। 'X' के विरुद्ध आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में क्या 'Y' को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है ? तर्क दीजिए।

6. "Judicial decisions have held that it is not illegal to act on uncorroborated evidence of accomplice, it is a rule of prudence universally followed as to amount almost to rule of law that it is unsafe to act on the evidence of accomplice unless it is corroborated in material aspects so as to implicate the accused..................". Explain.

"न्यायिक निर्णयों द्वारा स्थापित हो चुका है कि सहअपराधी के असंपुष्ट साक्ष्य पर कार्य करना अवैध नहीं है, यह एक प्रज्ञा का नियम है जो कि लगभग सभी विधिक नियमों में सार्वभौमिक रूप से अपनायी गयी है कि सहअपराधी के साक्ष्य पर कार्य करना असुरक्षित है जब तक कि उसकी संम्पुष्टि अभियुक्त पर लागू करने के लिए तात्विक पहलू से न हो जाय..........।" व्याख्या कीजिए।

7. Write notes on any *two* of the following :

(*a*) Oral and documentary evidence.

(*b*) Expert evidence and its significance.

(*c*) Significance of cross-examination and effects of cross-examining a witness with examination in chief.

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिये :

(*a*) मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य;

(*b*) विशेषज्ञ साक्ष्य और उसका महत्व;

(*c*) प्रतिपरीक्षा का महत्व तथा साक्षी की प्रतिपरीक्षा का उसकी मुख्य परीक्षा के साथ प्रभाव।

8. (*a*) "A person can be held bound by estoppel only when it is proved that there was a representation that certain state of thing is true and the person to whom representation is made acted on its belief." Comment.

(*b*) A managed to get admission in B.Com. (H) on false certificate. It took 3 years for the authorities to get it detected. University cancelled the admission while the student takes the plea that it is too late and he has been the topper during last three exam. Hence intends estoppel against University. Advise student.

(*a*) ''एक व्यक्ति विबन्धन द्वारा तभी बाध्य होगा जबकि यह साबित कर दिया जाये कि यह प्रतिरूपित किया गया था कि निश्चित वस्तु अवस्था सत्य है तथा जिससे प्रतिरूपित किया गया उसने उसकी सत्यता में विश्वास के साथ कार्य किया।'' टिप्पणी कीजिए।

(*b*) 'A' ने झूंठे दस्तावेज के आधार पर बी. कॉम. (आनर्स) में प्रवेश लिया। प्राधिकारी को उक्त तथ्य का पता चलने में तीन वर्ष बीत गये। विश्वविद्यालय ने प्रवेश रद्द कर दिया। विद्यार्थी ने अत्यधिक देरी तथा अन्तिम तीन परीक्षाओं के दौरान प्रथम स्थान पर रहने का अभिवाक् लेते हुए विश्वविद्यालय के विरुद्ध विबन्धन के सिद्धान्त को लागू कराना चाहा। विद्यार्थी को सलाह दीजिए।